तापमान

अधिकतम 35 .9 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार,12 सितंबर, 2025

10 जनसुआ के दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन थामा



10 किन्नर समाज ने बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाए 30 लाख रुपये



## खबर संक्षेप




अंबाला। वाहन चोरी के आरोप में पकड़े गए आरोपी।

### चोरी के आठ वाहनों समेत दो युवक काबू

**अंबाला।** सीआईए- 1 ने वाहन चोरी के आरोप में दो युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान मनदीप सिंह व लवप्रीत सिंह उर्फ लवली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरीशुदा 8 मोटरसाइकिल बरामद की है। शहर के काजीवाड़ा के साहिल ने 22 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 मई 2025 को आरोपी ने कोर्ट परिसर से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

### अटावला में सर्पदंश से बच्ची की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव अटावला में सांप के काटने से 11 वर्षीय बच्ची पूनम पुत्री दुर्गा सिंह मूल निवासी बिहार की की मौत हो गई। पूनम को घर के पास उगी घास में से निकले सांप ने डस लिया। पूनम को गांव के एक प्राइवेट डॉक्टर के पास ले गए। यहां प्राथमिक उपचार देने के बाद पूनम को पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान पूनम की मौत हो गई।

### रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 की कृष्णपुरा चौकी पुलिस टीम ने पुराना गोहाना रोड प्रजापत नगर निवासी गौरव से जबरन वसूली का दबाव और ना देने की सूरत में धमकी देने मामले में आरोपी संदीप निवासी खटीक बस्ती को गिरफ्तार किया है। एएसआई दिनेश ने बताया कि इस मामले में गौरव की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में केस दर्ज किया गया है।

### निगम ने 8 चालान कर 4 हजार जुर्माना लगाया

**करनाल।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर निगम करनाल शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई और जन जागरूकता गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि गुरुवार को पुरानी तहसील मार्केट, सदर बाजार स्थित कर्ण ताल पार्क, वेस्टर्न यमुना कैनाल पार्क और राजकीय प्राथमिक पाठशाला छोटी मंगलपुर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा गांव बलड़ी और फूसगढ़ में बरसाती नालों की सफाई की गई। निगमायुक्त ने बताया कि मुख्य बाजार में रात्रिकालीन सफाई (नाइट स्वीपिंग) भी की जा रही है।

## 20 हजार की घूस लेने के आरोप में एसीबी आई थी काबू करने

# जांच अधिकारी मुजरिम समेत सरकारी गाड़ी लेकर हुआ फरार

- चोरी के केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर 20 हजार रुपये मांगने का है आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

एसीबी की टीम को देख पुलिस थाना की सरकारी गाड़ी लेकर फिल्मी स्टाइल में एक ईएएसआई मौके से फरार हो गया। गाड़ी में एक चोरी के आरोपी सहित अन्य पुलिस कर्मी भी सवार थे।

हैरानी की बात तो तब हुई जब पुलिस के जवान चोरी के आरोपी को लेकर गाड़ी समेत वापिस लौट आए। मगर ईएएसआई गाड़ी से गायब मिला। अब एसीबी की टीम ने फरार ईएएसआई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला शहजादपुर के पुलिस थाना से जुड़ा हुआ है। यहां पर लगभग एक साल पहले एक चोरी का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए लगभग एक साल बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया। इस मामले की जांच



अंबाला। शहजादपुर थाने के बाहर डटी जांच टीम। फोटो : हरिभूमि

थाना में तैनात ईएएसआई कुलदीप कर रहा था। बताया जा रहा है कि कुलदीप एक अन्य व्यक्ति को इस चोरी के मामले में फंसाने की धमकी देकर बीस हजार की रिश्वत मांग रहा था। इसकी शिकायत एबीसी को की गई थी। इसके बाद ही आरोपी जांच अधिकारी को रंगे हाथों काबू करने की योजना बनाई। एसीबी ने शिकायत मिलने के बाद ईएएसआई कुलदीप को काबू करने का प्रयास किया।

### ये है मामला

बता दें कि त 23 जून 2025 को गांव बड़ी बस्सी के रहने वाले वेद प्रकाश ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21/22 जून 2025 की किसी आरोपी ने उसके घर के बाहर से उसकी ट्रॉली चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसके लगभग एक साल बाद पुलिस ने 8 सितंबर को ट्रॉली चोरी के आरोप में बड़ी बस्सी के ही रहने वाले मनीष को गिरफ्तार किया था। जांच के लिए पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया था। कुलदीप आरोपी मनीष कुमार को लेकर नारायणगढ़ जा रहा था। इस दौरान एसीबी की जांच टीम ने आरोपी को काबू करने की योजना बनाई। मगर आरोपी कुलदीप सिंह बचने में कामयाब हो गया। बता दें कि ट्रॉली चोरी के मामले कुलदीप गांव बड़ी बस्सी के ही रहने वाले जतिन शर्मा को फंसाने के डर दिखा कर बीस हजार रिश्वत मांग रहा था। जतिन के पिता ने इसकी शिकायत एसीबी को की थी। इसके बाद कार्रवाई अमल में लाई गई।

### भनक लगते ही फरार

जांच टीम के मुताबिक आरोपी कुलदीप सिंह ने बीस हजार रुपये की रिश्वत लेने के लिए परिवादी को नारायणगढ़ मार्ग पर स्थित बड़ी बस्सी गांव की पौधा नर्सरी के नजदीक बुलाया गया था। यहां पर शिकायतकर्ता द्वारा कुलदीप को बीस हजार रुपए दिए गए। इससे पहले एसीबी की टीम कोई कार्रवाई करती आरोपी कुलदीप सिंह को इसकी भनक लग गई। वह मौके से सरकारी गाड़ी के चालक को बोल फरार हो गया। उस समय में चोरी के आरोपी समेत कई पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।

# फैक्ट्री लगाने के नाम पर युवक से ठगे 1.35 करोड़

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शुगर की दवाई बनाने की टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने व फैक्ट्री लगवाने के नाम पर सिविल लाइन निवासी अमन सिंगला से एक करोड़ 35 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप विष्णु गार्डन निवासी नितिन गर्ग, आनंद मार्केट निवासी कंवर विकास राणा व उसके भाई विशाल राणा पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन निवासी अमन सिंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 नवंबर 2021 को उसने विष्णु गार्डन निवासी नितिन गर्ग, आनंद मार्केट निवासी कंवर विकास राणा व उसके भाई विशाल राणा के साथ शुगर की दवाई बनाने की टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने के लिए एक करोड़ रुपये का एग्रीमेंट किया था। आरोपियों ने स्वयं को हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के लोधीमाजरा स्थित इन्युलाइट न्यूट्रास्यूटिक्लस प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताया था। जिसके बाद उसने आरोपियों पर विश्वास कर लिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें 50 लाख रुपये दे दिए। मगर इसके बाद फिर से उसका प्लांट शुरू नहीं हुआ। बात करने पर आरोपियों ने उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपियों ने उससे अलग-अलग करके एक करोड़ 35 लाख रुपये ले लिए। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ये था एग्रीमेंट

एग्रीमेंट के तहत आरोपियों ने प्रोडक्ट की कोस्ट, फैक्ट्री की ले आउट डिजाइनिंग, दवाई बनाने का प्रोसेस व उसे बेचने की जिम्मेदारी ली थी। फैक्ट्री लगने के बाद बकाया राशि देने की बात तय हुई। कार्य की समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद उनसे दवाई की कोस्टिंग की बात की तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दिया। आरोपियों ने उसे बताया कि जिस प्लांट में दवाई बनाने का डेमो दिया जाना था, वह बंद हो गया। इसके साथ आरोपियों ने उससे अगली किश्त के लिए 25 लाख रुपये मांगे। उसने आरोपियों को 25 लाख रुपये दे दिए।

## साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज

# प्रॉफिट कमाने का झांसा देकर युवक से ठगे 68.53 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने कंपनी की साइट पर इनवेस्टमेंट करवाकर अधिक प्रॉफिट देने का लालच देकर शहर के बिल्ट स्टाफ क्वार्टर बल्लारपुर इंडस्ट्री निवासी वाई केसवा रेड्डी से 68 लाख 53 हजार रुपये हड़प लिए। जब आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बिल्ट स्टाफ क्वार्टर बल्लारपुर इंडस्ट्री निवासी वाई केसवा रेड्डी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 जनवरी 2024 को उसके मोबाइल पर एक लिंक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गया। जिसके बाद आरोपियों ने उससे मैसेज के माध्यम से बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे बताया कि वह गोल्ड मार्इंस कंपनी में काम करते हैं। जहां पर पैसे इनवेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट दिया जाता है। जिससे व्यक्ति अच्छा मुनाफा कमा सकता है। वह आरोपियों की बातों में आ गया।

### आरोपियों ने नहीं दिए प्रॉफिट के पैसे

*पीड़ित रेड्डी ने बताया कि आरोपियों ने 26 जनवरी 2024 से 14 जून 2024 के बीच उससे कंपनी की अलग-अलग वेबसाइट पर 68 लाख 53 हजार रुपये इनवेस्ट करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। उसने करीब छह महीने तक आरोपियों द्वारा प्रॉफिट के पैसे देने का इंतजार किया। जब उसने आरोपियों से इस बारे बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। जब उसने आरोपियो के मोबाइल पर उन्हें संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका नंबर नहीं लगा। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*

### किराये के कमरे में बैंक के सीएसओ ने फंदा लगाकर दी जान

**यमुनानगर।** शहर में उत्कर्ष बैंक की शाखा के कस्टमर सर्विस ऑफिसर 17 वर्षीय अमनदीप ने किराये के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक कैथल का रहने वाला है फिलहाल वह शहर के विश्वकर्मा मोहल्ला में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था।

मृतक के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। कैथल निवासी अमनदीप शहर के उत्कर्ष बैंक में कस्टमर सर्विस ऑफिसर के पद पर तैनात था। वह विश्वकर्मा मोहल्ला में किराये के मकान में अकेला रहता था। वीरवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पड़ोसियों ने उसे बाहर से आवाज लगाई। मगर अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। जब उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था।

## ट्रक को कृषि मंत्री ने किया रवाना

# बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर क्षेत्र से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए खाने के सामान के अलावा विभिन्न प्रकार के सामान से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय लोगों की मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा पंजाब में आवश्यक सामग्री भेजी जा रही है।

राणा ने कहा कि पंजाब-हरियाणा का आपसी भाईचारा बेहद मजबूत है और पंजाब की जनता इस समय मुश्किल में है इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि हम आगे बढ़कर उनकी मदद करें। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की किसी न किसी रूप में मदद अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आपदा के समय लोगों को सरकार के साथ गैर सरकारी संगठनों के साथ-साथ जनभागीदारी भी बहुत जरूरी है।



यमुनानगर। रादौर से बाढ़ पीडितों के सहायतार्थ ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

# अंबाल शहर में सात एसएचओ बदले

- किसानों से उलझने वाली महिला अधिकारी सेक्टर 9 की प्रभारी बनी

**अंबाला।** अंबाला शहर के सेक्टर 9 थाने में महिला एसएचओ की तैनाती की गई है। अब सुनीता ढाका अंबाला शहर के सेक्टर 9 की एसएचओ होंगी। वे पहले महिला सुरक्षा सेल में एसएचओ के पद पर तैनात थीं। जहां से उनको इस थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह बलदेव नगर थाना क्षेत्र का प्रभार इंस्पेक्टर धर्मबीर को दिया गया है। वो पहले अंबाला शहर के सेक्टर 9 में बतौर एसएचओ तैनात थे। अंबाला शहर के एसपी ऑफिस के पास स्थित साइबर थाने का प्रभार महेंद्र सिंह को दिया गया है। वे इससे पहले अंबाला जिले के मुलाना में थाना प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे। बराड़ा थाने का प्रभार धर्मबीर को दिया गया है। वे इससे पहले अंबाला शहर के साइबर थाने में तैनात रहे। अब वे बराड़ा क्षेत्र की कमान संभालेंगे। अंबाला शहर स्थित महिला सुरक्षा सेल की ज़िम्मेदारी सतविंद्र कौर को दी गई है। वे इससे पहले iस्क्रूत्नी सेल की इंचार्ज थीं। साथ ही उन पर फीड बैक सेल की इंचार्ज के रूप में एडिशनल चार्ज भी था। इसी तरह अब प्रमोद कुमार अब अंबाला जिले के मुलाना क्षेत्र के एसएचओ बनाए गए हैं।

## अग्निवीर भर्ती रैली में छह जिलों के युवा करेंगे हिस्सेदारी

- एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

**अंबाला।** अग्रिवीर योजना के तहत 8 से 15 नवंबर तक होने वाली भर्ती रैली को लेकर एसडीएम विनेश कुमार व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ कर्नल वीके पांडे के बीच वीरवार को एसडीएम कार्यालय में मीटिंग हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता एसडीएम विनेश कुमार ने की। इस मौके पर कर्नल वीके पांडे ने एसडीएम विनेश कुमार को भर्ती रैली के बारे में बताते हुए कहा कि इस भर्ती में के 6 जिले अंबाला, कैथल, पंचकूला, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल शामिल हैं। इन जिलों से अग्रिवीर रैली में पुरूष उम्मीदवार शामिल होंगे। हरियाणा व हिमाचल सहित केंद्र शासित दिल्ली से महिला उम्मीदवार अग्रिवीर रैली में शामिल होंगी। इस भर्ती का जिम्मा आर्मी भर्ती कार्यालय (एआरओ) के पास है । उन्होंने यह भी बताया कि यह भर्ती 8 से 15 नवंबर तक की जाएगी। 8 से 12 नवंबर तक 5 दिन पुरूष उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा 13 से 15 नवंबर तक तीन दिन महिला उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने इस अग्रिवीर भर्ती रैली 2025-26 के सफल आयोजन हेतू एसडीएम विनेश कुमार से खडग्ा स्टेडियम में भर्ती स्थल पर सभी विभागों से सुविधाएं उपलब्ध करवाने बारे विचार-विमर्श किया। इस मौके पर एसडीएम विनेश कुमार ने कहा कि अग्रिवीर भर्ती को लेकर उन्हें जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। इस मौके पर आए हुए सभी विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करते हुए एसडीएम ने कहा कि जो भर्ती स्थल पर भर्ती प्रक्रियाएं या सुविधाएं हैं। उन्हें पूरा करने के लिए यह मीटिंग बुलाई गई है। इसमें उम्मीदवार की वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट, बॉयोमेट्रिक, आधार व अन्य दस्तावेजों की वेरिफिकेशन भी जाएगी। उन्होंने वॉटर टैंक के लिए म्यूनिसिपल व स्वास्थ्य विभाग, टॉयलेट के एमसी सदर, कम्पयूटर विद इंटरनेट के लिए एनआईसी, आधार डाटा वेरिफिकेशन के लिए क्रिड विभाग, लैब टेक्निशियन के लिए डीआईओ, बस सेवा के लिए रोडवेज विभाग, ला एंड ऑर्डर व मेटल डिटेक्टर के लिए पुलिस विभाग की ड्यूटी लगाई है।

# स्पा सेंटर में गए युवक से युवती ने ऐंठे लाखों रुपये

- युवक के घर में घुसकर ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये मांगने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्पा सेंटर में मसाज करवाने गए युवक को वहां काम करने वाली युवती ने ब्लैकमेल कर उससे लाखों रुपये ऐंठ लिए। युवती ने उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। आरोप है कि युवती ने उसके घर में घुसकर उसे ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये की मांग की।

जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 39 वर्षीय व्यक्ति ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसकी कमर में दर्द रहता था। पांच सितंबर 2024 को वह कुरूक्षेत्र के सेक्टर-17 स्थित कोहिनूर स्पा सेंटर में मसाज करवाने के लिए गया था। जहां पर पूजा नाम की लड़की ने उसकी कमर की मालिश की। जिसके बाद पूजा ने उसे चार-पांच बार मालिश करवाने के लिए आने को कहा। इसके बाद पूजा ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और अपना मोबाइल नंबर उसे दे दिया। पूजा उसे स्पा सेंटर के बाहर मिलने के लिए बुलाने लगी। एक माह बाद पूजा ने उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे पैसों की डिमांड करने लगी। डर के कारण उसने पूजा के अकाउंट में पैसे डालने शुरू कर दिए। जून माह में पूजा ने उससे चार लाख रुपये की डिमांड की। मगर उसके पास केवल 18 हजार रुपये थे। उसने पूजा के अकाउंट में 18 हजार रुपये भेज दिए। नौ सितंबर को वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान पूजा तीन युवकों के साथ उनके घर पर आई और उससे पांच लाख रुपये की डिमांड करने लगी। शोर सुनकर जब गांव के अन्य लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे तो आरोपी वहां से कार में बैठकर चली गई।

## राज्य चुनाव आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

# चुनावों में सुधार को लेकर मांगे सुझाव

- फीडबैक के आधार पर आयोग भविष्य के चुनावों को और अधिक पारदर्शी व सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने गुरुवार शाम करनाल पहुंचकर कर्ण लेकर पर जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंचायत और शहरी निकाय संस्थाओं के चुनावों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से फीडबैक लिया। चुनाव आयुक्त ने कहा कि प्राप्त फीडबैक के आधार पर आयोग भविष्य के चुनावों को और अधिक पारदर्शी व सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के सभी 22 जिलों का दौरा करेंगे और अधिकारियों से चुनाव संबंधी अनुभव व सुधार के सुझाव लेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव संपन्न होने के बाद लंबित शिकायतों का जल्द निपटारा किया जाए। साथ ही उन उम्मीदवारों पर भी कार्रवाई की जाए जिन्होंने खर्च रजिस्टर जमा नहीं करवाए हैं। देवेंद्र सिंह कल्याण ने बताया कि भविष्य में उम्मीदवारों के नामांकन फार्म और जरूरी दस्तावेज आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करने की सुविधा दी जाएगी, जिससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि उम्मीदवारों का समय और धन भी बचेगा। बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह, एसडीएम अनुभव मेहता, डीडीपीओ कंचन लता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



# हाईवे किनारे खड़े ट्रक में भिड़े दो ट्रक, चालक मरा

- हादसे के बाद जीटी रोड पर वाहनों का लग गया जाम, पुलिस ने आकर खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिपली के समीप दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर वीरवार सुबह करीब 5 बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से दो ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान राकेश कुमार (44) निवासी कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। राकेश ट्रक में दिल्ली से लोहे का सामान लेकर अंबाला की तरफ जा रहा था। हादसे के बाद जीटी रोड पर वाहनों का जाम लग गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वाहनों का लगा जाम खुलवाया। जीटी रोड पर गांव सांवला के समीप राकेश अपना ट्रक रोककर बाथरूम करने के लिए उतरा था। इसी दौरान उसके ट्रक के पीछे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। देखते ही देखते तीसरा ट्रक भी उनके पीछे टकरा गया। इन जोरदार टक्कर के बाद पिछले दोनों ट्रक के ड्राइवर केबिन में फंस गए। इस दौरान राकेश अपने ट्रक और डिवाइडर की दीवार के बीच में पिस गया। आसपास के लोगों ने ट्रक में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल ड्राइवरों को एम्बुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।



कुरुक्षेत्र। हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक।

# आपदा में अवसर की तलाश, हमदर्दी बटोरने में जुटे पक्ष और विपक्ष

◆ पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने बाढ़ बचाव व मुआवजे पर सरकार को घेरा, कृषि मंत्री राणा ने तत्परता पर सीएम सैनी की थपथपाई पीठ

## छत गिरने से मौत, मंत्री राणा ने दिए 4 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने तत्परता दिखाते हुए न केवल बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर जायजा लिया, बल्कि बिना देरी किए बाढ़ में जान गंवाने व घायल होने वालों के साथ किसानों के लिए फसल खराबे, मकान, पशुओं गाय भैंस से लेकर मुर्गी पालकों तक के लिए मुआवजे का ऐलान भी किया। उन्होंने छत गिरने से मौत के मुंह में गए गांव बैंडी निवासी मान सिंह की विधवा उषा रानी को 4 लाख की सरकारी सहायता का चैक सौंपा। कृषि मंत्री ने कहा सरकारी अमला, मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सहायता कर रहे हैं।



### अपने गिरेबाने में झांके हुड्डा

भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज किसान हितैसी होने का दिखावा कर मुआवजे की घोषणा पर सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों को 2-2 रुपये के चेक देकर किसानों का मजाक उड़ाया था।

## भूपेंद्र हुड्डा बोले, सरकार निभाती जिम्मेदारी तो नहीं होती ऐसी तबाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यदि सरकार समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाती तो प्रदेश में बरसात के बाद ऐसी तबाही नहीं होती। उन्होंने वीरवार को ट्रैक्टर में सवार होकर गांव लापरा समेत बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद यमुनानगर में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे रमन त्यागी के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने इस बार न तो फ्लड कंट्रोल बोर्ड की बैठक बुलाई और न ही बरसाती सीजन से पहले नालों, सीवरेज और ड्रेन की सफाई करवाई गई। सरकार की धीमी कार्यप्रणाली से ऐसा





लगता है जैसे हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है। उनका मानना है कि सरकार को जिस चुस्ती और दुरुस्ती से काम करना चाहिए वह नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार से बाढ़ पीड़ितों को तुरंत मुआवजा देने की मांग की है। विशेष गिरदावरी (फसलों के नुकसान का आकलन) की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें। पूर्व मुख्यमंत्री भने कहा कि जिन लोगों के पशु (भेड़, बकरी आदि) मर गए हैं। उन्हें भी मुआवजा मिलना चाहिए।

### सरकार ने किसानों से किया भद्दा मजाक

उन्होंने 100 प्रतिशत फसल खराब होने पर किसानों को 60 से 70 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। प्रति एकड़ 7 से 15 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा किसानों के साथ भद्दा मजाक है। सरकार द्वारा की गई घोषणा ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।क्योंकि सरकार द्वारा की गई घोषणा से तो कहीं ज्यादा खाद पर ही खर्च हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों के अलावा जिन लोगों के मकान और दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं उन्हें भी जल्द से जल्द मुआवजा दे।

### क्षतिपूर्ति पोर्टल पर उठाए सवाल

भूपेंद्र हुड्डा कहा ने 'ई-क्षतिपूर्ति' पोर्टल पर सवाल उठाते हुए कहा कि पोर्टल कई गांवों में ठीक से काम नहीं कर रहा। उन्होंने प्रदेश को बाढ़ ग्रस्त घोषित कर पैकेज, मुआवजा व पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर युवती के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने युवती को रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी युवक उस पर फोन पर बात करने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय युवती ने बताया कि उनकी कॉलोनी की ही अभिनव काफी दिनों से उसका पीछा कर रहा था। जब भी वह घर से बाहर जाती तो आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता और उसके साथ छेड़छाड़ करता। आरोपी उस पर फोन पर बात करने व विरोध करने पर उसे उठाकर ले जाने की धमकी दी।

### तीन युवक 137 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए टू ने गांव मंडौली के पास कैल कलानौर हाइवे से तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 137.10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। एएसआई योगेश कुमार ने बताया कि टीम ने सूचना हाइवे पर गांव मंडौली के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। टीम को बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। तलाशी ली तो उनके पास से 137.10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान अमन उर्फ रेसलर, मोहिन व हर्षदीप उर्फ गोलू के रूप में हुई।

## श्रीकपालमोचन आदिबद्री मेला का एक से 5 नवंबर तक किरवाया जाएगा भव्य आयोजन, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

# मेले में सफाई व्यवस्था का रखें विशेष ध्यान: गिल

मेला प्रशासक जसपाल गिल ने बैठक में व्यासपुर के श्रीकपालमोचन मेले को लेकर विभिन्न संगठनों व धर्मशालाओं के संचालकों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध धार्मिक कपालमोचन मेला को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यासपुर स्थित श्राइन बोर्ड कार्यालय में कपाल मोचन क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं व धर्मशालाओं के संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यासपुर के उपमंडल अधिकारी(ना) एवं मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने की।

मेला प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने बताया कि इस वर्ष कपाल मोचन आदि बद्री मेला 1 नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस मेला में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचकर तीनों पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं। मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने धर्मशालाओं के संचालकों को निर्देश दिए कि मेले की तैयारियों के मद्देनजर श्री कपाल मोचन मेला क्षेत्र में स्थित सभी धर्मशालाओं, धार्मिक संस्थानों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

### किरायेदारों का रखें रिकार्ड

उन्होंने कहा कि अपने अपने संस्थानों में रंग रोगन का कार्य मेला शुरू होने से पूर्व करवाना सुनिश्चित करें। सभी धर्मशाला एवं धार्मिक संस्थान प्रबंधक अपने संस्थानों में शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा अपने अपने संस्थानों में कमरे किराये पर देने से पूर्व उनके आधार कार्ड इत्यादि की जांच करें व उनका रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करें। उन्होंने सभी धर्मशाला एवं धार्मिक संस्थान प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वह अपने अपने संस्थानों में लगने वाले लाउड स्पीकरों की आवाज नियंत्रित रखें। ताकि मेला के दौरान प्रशासन द्वारा समय समय पर श्रद्धालुओं हेतु जारी की जाने वाली सूचनाएं एवं गुमशुदा व्यक्तियों बारे सूचनाएं श्रद्धालुओं तक बिना किसी अवरोध के पहुंच पाएं ।



### भंडारों में सामग्री की गुणवता का रखें विशेष ख्याल

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने कहा कि सभी धर्मशाला एवं धार्मिक संस्थानों में चलने वाले भंडारों में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। जिसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी धर्मशाला एवं धार्मिक संस्थानों में नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। सभी धर्मशाला एवं धार्मिक संस्थानों द्वारा मेला प्रशासक की ओर से समय समय पर जारी की जाने वाली हिदायतों एवं निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन किया जाए। मेला में आगजनी के कारण किसी अप्रिय घटना के होने से बचाव हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए।

### मेले में सभी श्रद्धालुओं के साथ विनम्रता से करें व्यवहार

मेला प्रशासन जसपाल सिंह गिल ने कहा कि मेला स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखा जाए व उनके साथ पूर्ण सहयोग किया जाए। वहीं, मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए कमरे उचित दरों पर उपलब्ध करवाए जाएं। बिजली व स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएं। मेला क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक धर्मशाला अथवा धार्मिक संस्थान में मेला प्रशासन द्वारा आपात स्थिति के लिए जारी किए जाने वाले हेल्पलाइन नम्बरों का डिस्प्ले किया जाए। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और समाज की सहभागिता से ही मेले का आयोजन बेहतर ढंग से संभव हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं के संचालकों से आह्वान किया कि मेले की गरिमा बनाए रखने के लिए सभी पूरी जिम्मेदारी के साथ सहयोग करें। बैठक में मेला अधिकारी एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी व्यासपुर आस्था गर्ग, नायब तहसीलदार व्यासपुर दलजीत सिंह, लेखाकार पंकज अग्रवाल, विकास व अश्वनी धीमान मौजूद रहे।

## खुले में कचरा डाला व अतिक्रमण किया तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत ट्विन सिटी को साफ, स्वच्छ, सुंदर व अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर नगर निगम यमुनानगर द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान व स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान निगम के विशेष अधिकारी (सेनिटेशन) अनिल यादव (एचसीएस) ने दुकानदारों को अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण नहीं करने और खुले में कचरा नहीं डालने के निर्देश दिए। मौके पर सीएसआई अनिल नैन मौजूद रहे।

नगर निगम के विशेष अधिकारी (सेनिटेशन) अनिल कुमार यादव(एचसीएस) के नेतृत्व में निगम की टीम शहर के कन्हैया साहिब मार्ग पर पहुंची। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने निगम की टीम को देखकर स्वयं ही दुकानों के सामने रखे हुए सामान को उठाकर भीतर रख लिया। जबकि कुछ दुकानदारों ने दुकान में रखे डिस्पोजल स्वयं निगम की ट्रॉली में डाले और दोबारा इनका इस्तेमाल न करने की बात कही। अभियान के दौरान निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को खुले में कचरा न डालने, अतिक्रमण न करने और साइन बोर्ड सड़क किनारे न रखने के प्रति जागरूक किया। मौके पर विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव ने सभी दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने, खुले में कचरा न डालने, प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने और डस्टबिन का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया।



यमुनानगर के कन्हैया साहिब मार्ग पर दुकानदारों को समझाते विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव।

### दुकानदारों से उठवाया सामान, सफाई करवाई

दौरे के दौरान जिस दुकानदार का सामान सड़क पर मिला उसे उठवाकर अंदर रखवाया और जिस दुकान के बाहर कचरा मिला उसे साफ करवाया। सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों को खाली स्थान व दीवार के साथ सटाकर लगवाया। उन्होंने दुकानदारों व रेहड़ी विक्रेताओं को चेतावनी दी कि यदि सड़क पर सामान रखा मिला तो उसे जब्त कर बड़ा चालान किया जाएगा। खुले में कचरा डालने वाले पर भी ऐसी ही कार्रवाई होगी। खुले में कचरा डालने पर चालान किया जाएगा। निगम अधिकारियों ने सभी दुकानों में डस्टबिन भी जांचे। जिस दुकान में डस्टबिन नहीं मिला। उन्हें कूड़ेदान वितरित किए गए। उन्हें सड़क किनारे खड़ी रेहड़ी संचालकों को भी स्ट्रीट वेंडिंग जोन में शिफ्ट होने, सड़क किनारे दीवार से साथ लगाने या खाली स्थानों पर लगाने का आह्वान किया।

### सभी मिलकर बनाएं सुंदर व स्वच्छ शहर

विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव ने कहा कि यमुनानगर जगाधरी हम सबका शहर है। इसे सुंदर, साफ, स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने में सभी शहरवासी सहयोग करें। वह खुद शहर के मौजिज लोगों, दुकानदारों व अन्य से बातचीत कर सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए समझा रहे हैं। डोर-टू-डोर हर बाजार में जाकर दुकानदारों को भी समझा रहा है। उन्होंने आमजन से अपने घर, दुकान व कार्यालय से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग कर निगम के वाहनों में डालने की अपील की। उन्होंने लोगों से प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करने का आहवान किया और बाजार से सामान लेने जाते समय कपड़े के थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना सभी के लिए जरूरी : डॉ.परमार

■ रादौर के सरकारी अस्पताल में विश्व चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सरकारी अस्पताल रादौर में वीरवार को विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ.विजय परमार ने बताया कि हर साल सम्पूर्ण विश्व में 11 सितंबर को अंतर्राष्टीय प्राथमिक चिकित्सा दिवस अथवा विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

डॉ.परमार ने कहा कि किसी रोग के होने या चोट लगने पर किसी अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा जो सीमित उपचार किया जाता है, उसे प्राथमिक चिकित्सा कहते हैं। इसका उद्देश्य कम से कम साधनों में इतनी व्यवस्था करना होता है कि चोट ग्रस्त व्यक्ति को सम्यक इलाज कराने की स्थिति में लाने में लगने वाले समय में कम से कम नुकसान हो। इसलिए सभी को प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षित या अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा कम से कम साधनों में किया गया सरल उपचार है। कभी कभी यह जीवन रक्षक भी सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि दम घुटना, पानी में डूबने के कारण, फांसी लगने के कारण या साँस नली में किसी बाहरी चीज का अटक जाना, ह्रदय गति रुकना, हार्ट अटैक, खून बहना, शरीर में जहर का असर होना, जल जाना, हीट स्ट्रोक अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी, बेहोश या कोमा, मोच, हड्डी टूटना और किसी जानवर के काटने पर प्राथमिक चिकित्सा दी जा सकती है। प्राथमिक चिकित्सा किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकती है। आज के दौर में हर व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना अनिवार्य है, ताकि किसी की जान बचाई जा सके।

## युवक ने अश्लील वीडियो बना महिला पर बनाया संबंध बनाने का दबाव

■ महिला के संबंध बनाने से इंकार करने पर दिया वारदात को अंजाम

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाया। महिला के मना करने आरोपी युवक ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। महिला को जब इस बारे पता चला तो उसने आरोपी युवके खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी रविंद्र के साथ जान पहचान थी। गत 19 जुलाई को आरोपी उसके घर पर आया। उस समय उसके घर पर कोई नहीं था। वह घर पर अकेली थी। इस दौरान आरोपी युवक ने चोरी से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी उसे वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल कर उससे संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। मगर उसने आरोपी को मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जब उसने अपनी वीडियो देखी तो वह हैरान रह गई और पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नव विवाहिता जेएनएम ने लगाया फंदा, ससुरालियों पर लगे आरोप

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव बिजोली में 25 वर्षीय नव विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला की शादी पांच माह पहले हुई थी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव भंभोली निवासी संतोष ने बताया कि उसने अपनी बेटी मनजीत कौर की शादी पांच माह पहले गांव बिजोली निवासी रजत कुमार के साथ की थी। रजत प्राइवेट बैंक में व उसकी बेटी प्राइवेट अस्पताल के नर्स की नौकरी करती थी। उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे शादी के बाद से परेशान कर रहे थे। उसकी बेटी अभी जीएनएम का कोर्स कर रही थी। कॉलेज की फीस बाकी थी। ससुराल पक्ष के लोग उस पर मायके से फीस लाने का दबाव बना रहे थे। जिस कारण उसकी लड़की परेशान चल रही थी। उसने बताया कि बुधवार को उसके पास मनजीत की सास का फोन आया। उसने हाल चाल पूछ कर फोन दोबारा करने की बात कहकर कॉल कट कर दी। रात को उसके बेट के मोबाइल पर ससुराल से फोन आया कि मनजीत की तबीयत खराब है। जब वे पहुंचे तो फांसी पर लटकी मिली।

### क्या कहते हैं आईओ

आईओ ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बिजोली में एक 25 वर्षीय शादीशुदा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी प्राप्त कर वह तुरंत अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका के परिजन ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा रहें। शिकायत प्राप्त होने पर जांच अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें: बंचल

**रादौर।** दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने की। बैठक में बैंक के उपभोक्ताओं की समस्याओं व मांगो को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैंक के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर बैंक के विकास एवं उत्थान के लिए कर्मचारियों और उपभोक्ताओं से सुझाव में सांझा किए। चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कहा कि उपभोक्ता हमारे लिए देवता होते हैं। हमें उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने होंगे। तभी उपभोक्ता हमसे जुड़ेंगे। बैंक की योजनाओं व सुविधाओं की अधिक से अधिक जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों को उपभोक्ताओं के साथ सौहार्द पूर्ण व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सतीश कुमार, सतपाल मालिक, सतीश मान,मेनपाल, सुरेश दामला ,बाबू राम मैनेजर दामला व बलदेव सिंह चमरोडी आदि मौजूद रहे।



## विद्यार्थियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान देना समय की मांग: अमित अरोड़ा

■ जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में वित्तीय बाजार की स्थिति पर विशेष सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग व ईडी सेल ने संस्थान में वित्तीय बाजार की स्थिति पर विशेष सत्र का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने की।

सीईओ अमित अरोड़ा ने विद्यार्थियों को वित्तीय बाजार की बारीकियों से परिचित करवाया। उन्होंने विस्तार से समझाया कि कैसे विद्यार्थी मार्केट ट्रेंड्स का गहन विश्लेषण कर सकते हैं। टेक्निकल इंडिकेटर्स को सही तरीके से समझ सकते हैं और किस प्रकार रिसर्च आधारित रणनीतियों को वास्तविक जीवन के निर्णयों में लागू किया जा सकता है। व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी बताया कि वित्तीय निर्णय लेते समय किस प्रकार जोखिम प्रबंधन और तार्किक सोच आवश्यक होती है। आज के समय में



विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योग जगत की व्यावहारिक समझ भी होना अत्यंत आवश्यक है। सत्र को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और वास्तविक जीवन में इन तकनीकों के उपयोग को लेकर गहरी रुचि दिखाई। सत्र के अंत में विद्यार्थियों ने इसे अपने करियर के लिए बेहद लाभकारी और ज्ञानवर्धक बताया। निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने मुख्य वक्ता अमित अरोड़ा का धन्यवाद किया। ऐसे सत्र विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं। पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग और ईडी सेल संकाय सदस्यों ने भी इस आयोजन को सफल बनाया।

## बाइक सवार युवकों ने मंदिर जा रही महिला के गले से झपटी सोने की चेन, केस

■ मूल रूप से नागपुर की है पीड़िता कमेलश

**यमुनानगर।** शहर की जंगलावाली माता मंदिर के पास बाइक सवार दो युवक महिला के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मॉडल टाउन निवासी डॉ. सुमित तिवारी ने बताया कि वह मूलरूप से महाराष्ट के नागपुर का है व कई वर्षों से बूड़िया रोड स्थित चौधरी देवीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज में पंचकर्मा विभाग के प्रोफेसर हैं। पत्नी की भी यहीं नौकरी है। उसकी माता कमलेश रोज सुबह जंगलावाली माता जी के मंदिर जाती है। 30 अगस्त की सुबह वह मंदिर जाने के लिए पैदल घर से निकली। जैसे ही वह छोटी लाइन रोड से मंदिर की गली में मुड़ने लगी तभी गली में पहले से मौजूद युवक ने उनके गले से सोने की चेन झपटी तथा मेरी मां को धक्का देकर फरार हो गए। उसने बताया कि चेन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी।

### वीरवार: आठ दिवसीय गोगामाड़ी मेले का छठा दिन

# हजारों श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्राचीन एवं ऐतिहासिक गोगा माड़ी रादौर में चल रहे आठ दिवसीय मेले के छठे दिन वीरवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गोगा माड़ी में प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। मेले में आकर्षक सजी दुकानों पर ग्राहकों की बढ़ती भीड़ देखकर दुकानदार खुश नजर आ रहे हैं।

नपा शालु मेहता ने बताया कि मेले में दिनों दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नपा बडे स्तर पर प्रबंध कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला पुलिस कर्मचारी विशेष रूप से ड्यूटी दे रहे हैं। रात के समय पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। उधर, थाना प्रभारी ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नाके लगाए गए हैं। मेले में आवारागर्दी करने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर खास प्रबंध किए गए हैं। गोगामाड़ी के आसपास पुलिस का विशेष प्रबंध होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लाइन लगवाई गई हैं।





### बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या खिले दुकानदारों के चेहरे

मेले के छठे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। दुकानदार शंटी, महेंद्र, रोहित,शोभित व रिंकू ने बताया कि मेले में लोगों की भीड़ बढ़ने से उनकी अच्छी आमदन हुई है। यदि इसी प्रकार मेले में श्रद्धालु पहुंचे तो उन्हें भारी लाभ मिलेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेले में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मेले में लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। मेले के दोनों गेटों पर बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए हुए है। दुकानदारों ने बताया कि मेले में रात के समय श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ देखने को मिलती है। जिससे उनकी अच्छी सेल हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### कुवि कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर ट्रैनिंग एंड रिसर्च की असिस्टैंट प्रोफेसर डॉ. ममता चावला की पुस्तक का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुस्तक की लेखिका डॉ. ममता चावला को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक आत्मज्ञान, आध्यात्म और जीवन के उद्देश्य से जुड़ी है। खुद को सही मायने में जानने का मतलब सिर्फ़ अपनी खूबियों और कमजोरियों को समझना नहीं है। इसमें अपनी क्षमता को पहचानना, मजबूत रिश्ते बनाना और कार्यस्थल पर आने वाली चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना करना शामिल है।

### उदयन केयर होम में दंत जांच शिविर का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** उदयन केयर होम, कुरुक्षेत्र में आज ओरल पखवाड़ा के अंतर्गत दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पॉलिक्लिनिक सेक्टर-4 से दंत चिकित्सक डॉ. माधविका खुराना ने 12 बच्चों और 8 स्टाफ के दांतों की जांच की तथा दंत स्वास्थ्य की उचित देखभाल संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### विशाल भंडारे का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** शहर के प्रसिद्ध समाजसेवियों द्वारा सर्किट हाउस के नजदीक एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस पुण्य कार्य में आर.के. राहुल, कुलदीप नेहरा, और रणधीर सिंह सहित कई लोगों ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर समाजसेवी और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आर.के. राहुल, कुलदीप नेहरा, और रणधीर सिंह जैसे लोग साल में कई बार भंडारे का आयोजन करते हैं, जो बहुत सराहनीय है।

### नैंसी ने स्टेट बाक्सिंग में जीता कांस्य पदक

**कुरुक्षेत्र।** द्रोणाचार्य स्टेडियम की बॉक्सिंग नर्सरी की खिलाड़ी नैंसी ने 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा स्कूल स्टेट बाक्सिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने खिलाड़ी नैंसी और उनके प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा शिक्षा विभाग की तरफ से 8 से 10 सितंबर तक चरखी दादरी में महिला हरियाणा स्कूल स्टेट बाक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया।

## रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी ने विभिन्न थाना एरिया का किया भ्रमण

# शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की जुटा रही जानकारी

टुकड़ी में करीब 30 जवान शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकडी सह कमाण्डेंट मीठा लाल मीणा के निर्देशानुसार के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिये कुरुक्षेत्र पहुंची। प्लाटून के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानो के बारे मे चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इंस्पेक्टर देव करण मीणा सहित करीब 30 जवानों की टीम क्षेत्र की जानकारी हासिल करने के लिए थाना शहर थानेसर व कृष्णा गेट पहुंची। आरएएफ की टीम ने थानों में थाना प्रभारियों से मुलाकात कर एरिया की जानकारी एकत्रित की। इस दौरान थाना क्षेत्रों के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाकों तथा संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इलाके के बरिष्ठ नागरिकों/समाजसेवियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगो व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अलावा आमजन से भविष्य में संभावित दंगों के बारे में व अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर निरीक्षक देवकरण मीणा, उप निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक बलवीर सिंह, 194 आरएएफ के जवान व जिला पुलिस के जवान मौजूद रहे।




### पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स व आमजन में सामंजस्य स्थापित करना उद्देश्यः मीठा लाल मीणा

*रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट मीठा लाल मीणा ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टीम कुरुक्षेत्र पहुंची है जहां पर एक सप्ताह तक टीम द्वारा अलग-अलग एरिया में जाकर कुछ जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और आमजन में सामजस्य स्थापित करना है। जिससे कि भविष्य की सभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके।*

# भारतीय नौसेना और थल सेना की चयन प्रक्रिया पास कर छात्र वरुण बने लेफ्टिनेंट

## कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और स्वामी ज्ञानानंद ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र वरूण ने भारतीय नौसेना और भारतीय थल सेना दोनों की चयन प्रक्रिया पास कर लेफ्टिनेंट बनने का गौरव प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए यूआईईटी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेंद्र पाल, यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. मंजुला चौधरी, 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल हरप्रीत ने यूआईईटी के छात्र वरुण को लेफ्टिनेंट बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्र वरूण को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है जो देश की सेवा में अपना कॅरियर बना रहे है।


**कुरुक्षेत्र।** छात्र वरुण को बधाई देते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज व कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। 11केयूके14

### भारतीय थल सेना में सेवा करना चुना

छात्र वरुण शर्मा ने बताया कि भारतीय नौसेना और भारतीय थल सेना दोनों की चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पास की, लेकिन पूरे संकल्प और समर्पण के साथ उन्होंने भारतीय थल सेना में सेवा करना चुना। अब वे ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी, गया में ऑफिसर कैडेट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त करेंगे। लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया वरुण शिक्षा के साथ एनसीसी का बेहतरीन विद्यार्थी रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, डॉ. संजीव आहूजा, डॉ. निखिल कुमार मारीवाला, डॉ. अजय जांगडा, डॉ. दीप्ती चौधरी, सीटीओ कविता, अधीक्षक दीपक शर्मा, संचित यादव, अजय सिंह, अनीषा शुक्ला, अंश कौशिक, अजय शर्मा, हरिकेश पपोसा मौजूद रहे।

### लाडवा विस को अच्छा बनाने और दिखाने में मीडिया का महत्वपूर्ण रोल : सैनी

**लाडवा।** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश की निगाहें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा पर है। विधानसभा लाडवा को अच्छा बनाने और अच्छा दिखाने में मीडिया का महत्वपूर्ण रोल है। मीडिया के साथी समस्याओं को हमारे संज्ञान में लाएं, ताकि उनको समय रहते दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशों पर लाडवा विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों करोड़ों रुपए के अनेकों काम चले हुए हैं, जिनके पूरा होने पर बहुत अधिक समस्याओं का समाधान हो जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी वीरवार को अनाज मंडी धर्मशाला लाडवा के सभागार में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उनके साथ मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी भी मौजूद रहे। उन्होंने पत्रकारों से लाडवा विधानसभा की समस्याओं, दिक्कतों और परेशानियों पर चर्चा की।

# हजारों निरक्षर देंगे उल्लास परीक्षा 28 को

- जिला शिक्षा अधिकारी ने ली सर्वेयर्स व वलियंटर्स की बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पूर्ण साक्षरता सबसे अहम पड़ाव है। गुरुवार को लाडवा, बाबैन व शाहबाद में खंड स्तरीय बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सितम्बर 2024 में आयोजित उल्लास परीक्षा में 14897 तथा मार्च 2025 को लगभग 9 हजार निरक्षर लोगों ने उल्लास का पेपर दिया था। सभी का परीक्षा परिणाम घोषित कर सर्टिफिकेट वितरित किए जा चुके हैं।


**कुरुक्षेत्र।** वलियंटर्स को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक।

### स्कूलों में जन चेतना केंद्र खोले

विनोद कौशिक कि गांव व शहर के प्रत्येक स्कूल में सामाजिक जन चेतना केंद्र खोले गए हैं। वालंटियर टीचर शाम को इन सामाजिक जन चेतना केंद्र में 15 वर्ष से अधिक के आयु के निरक्षर लोगों को बेसिक शिक्षा व अक्षर ज्ञान देते है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह परीक्षा 28 सितंबर 2025 को होने वाली है। इस के लिए प्रत्येक खंड स्तर, संकुल स्तर पर तथा विद्यालय स्तर पर उल्लास कोऑर्डिनेटर अध्यापकों में से ही नियुक्त किए गए हैं। सर्वेयर निरक्षरों की पहचान कर उन्हें उल्लास ऐप पर पंजीकरण करवा रहे हैं।

### 'स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान' को लेकर श्रमदान आज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान को लेकर 12 सितंबर को सुबह 7 बजे से लेकर 9 बजे तक सर्किट हाउस के आस-पास के क्षेत्र की सफाई की जाएगी। इन 2 घंटे के स्वच्छता अभियान में जहां अधिकारी, कर्मचारी श्रमदान करेंगे वहीं आम नागरिकों से भी इस स्वच्छता अभियान में श्रमदान देने की अपील प्रशासन की तरफ से की जा रही है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को स्वच्छता अभियान को लेकर जारी आदेशों में कहा कि वीरवार को सुबह 7 बजे से लेकर 9 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह स्वच्छता अभियान सर्किट हाउस चौक से रतगल गुरुद्वारा तक चलेगा।

# चुनौतियां किसी भी व्यक्ति की प्रगति को रोक नहीं सकती : दीपक चिब

## एनआईटी कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्र संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा सीनेट हॉल में एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी, डीन (छात्र कल्याण) एवं पूर्व छात्र प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, प्रो. दीक्षित गर्ग सहित वरिष्ठ संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। प्रो. अग्रवाल और प्रो. गर्ग ने संस्थान के 1991-95 बैच के पूर्व छात्र एवं हरियाणा इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक दीपक चिब का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और पूर्व छात्र प्रकोष्ठ की गतिविधियों की जानकारी दी।



### सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें विद्यार्थी

दीपक चिब ने छात्र जीवन के अनुभवों और करियर की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि सफलता का मूलमंत्र जिज्ञासा, दृढ़ संकल्प और ऊँचे लक्ष्यों पर स्पष्ट ध्यान है। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ और विपरीत परिस्थितियाँ किसी भी व्यक्ति की प्रगति को रोक नहीं सकतीं, यदि वह सीखने की ललक और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखे।

### भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं

**पिहोवा।** गुरुद्वारा रोड केशव विहार स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम में श्री श्री 108 संत प्रेम दर्शनानंद महाराज के आशीर्वाद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन अमृतमय कथा का रसपान करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा रही। व्यास पीठ से संत प्रेम साधनानंद ने श्री ध्रुव जी व प्रहलाद का चरित्र सुनाते हुए बताया कि पांच वर्ष की आयु में ध्रुव जी ने कठिन तपस्या करके प्रभु को प्राप्त कर लिया था। भक्ति में अपार शक्ति निहित होती है। भगवान नाम जाप से सारी विपत्तियों का नाश होता है इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नही है। इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए।कथा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अक्षय नंदा ने पहुंचकर आरती में भाग लिया। अक्षय नंदा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो श्री कृष्ण है वहीं साक्षात भागवत है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। जिस स्थान पर कथा होती है वहां साक्षात भगवान विराजमान होते है। संत प्रेम आराधना नंद ने बताया कि यह सात दिवसीय कथा 8 से 14 सितंबर तक चलेगी। जिसका समय सायं 4 से 7 तक है। आश्रम प्रबंधन ने कथा में आए हुए मुख्य अतिथियों, यजमान एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य यमजान के रूप में अनाज मंडी के प्रधान नवीन गर्ग, डा. राजिंद्र मंगला, पं. दिनेश ज्योतिष, रजत शर्मा, पं. संजीव शर्मा, मनमोहन चक्रपाणि, सुनील बजाज सहित पंडित मुकेश शास्त्री, वीरेंद्र शर्मा, नरेंद्र छाबड़ा, दौलत राम चावला आदि उपस्थित रहे।


**पिहोवा।** मुख्यातिथि भाजपा नेता अक्षय नंदा को स्मृति चिन्ह भेंट करती संत साधनानंद व संत आराधनानंद।

# पिहोवा वह स्थान जहां युधिष्ठिर ने मृत आत्माओं को दी शांति : राव नरबीर

## पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने श्राद्ध पक्ष के अवसर पर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि पिहोवा में श्राद्ध पक्ष का महत्व बहुत अधिक है क्योंकि इसे पवित्र तीर्थस्थल माना जाता है, जहां अकाल मृत्यु प्राप्त आत्माओं को मुक्ति मिलती है और पितरों को तृप्त किया जाता है। वे वीरवार को श्राद्घ पक्ष के अवसर पर पितृ पूजन करवाने के लिए पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर पंहुचे थे। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, कुरुक्षेत्र से मन की बात प्रमुख हन्नु चक्रपाणि भी मौजूद थे। पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि पिहोवा वह स्थान है जहाँ युधिष्ठिर ने कृष्ण के कहने पर सरस्वती तीर्थ पर तेल अर्पित कर मृत आत्माओं को शांति प्रदान की थी, और आज भी लोग यहाँ पितरों की शांति के लिए पिण्डदान व श्राद्ध कर्म करते हैं।



### सरस्वती मंदिर में माथा टेका

इस मौके पर मंत्री राज नरबीर सिंह ने सरस्वती मंदिर में माथा टेककर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। सरस्वती मंदिर में पूजा के पश्चात मंत्री राव नरबीर सिंह पवन मार्केट स्थित कुरुक्षेत्र के मन की बात प्रमुख हन्नु चक्रपाणि के कार्यालय में पहुंचे, जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने पंजाब और हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ से हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार इन राज्यों की हरसंभव मदद करेगी।

# आदेश मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटें 150 से बढ़कर हुई 200

- मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज में एमबीबीएस की सीटें 150 से बढ़ाकर 200 कर दी गई हैं। यह कदम न केवल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सुनेहरा अवसर लेकर आया है बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं औरर चिकित्सा शिक्षा को भी और अधिक सशक्त बनायेगा। यह जानकारी देते हुए आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस. गिल ने कहा कि यह सफलता आदेश मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त स्थिति और निरंतर प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल आदेश संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि क्षेत्र के विद्यार्थियों और समाज के लिए भी महत्वपूर्ण कदम है। सीटों में वृद्धि से अधिक छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और भविष्य में समाज को और अधिक योग्य चिकित्सक मिल सकेंगे। आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच. एस. गिल ने इस उपलब्धि का श्रेय आदेश कॉलेज के सक्षम प्रबंधन, अनुभवी स्टॉफ और समर्पित कर्मचारियों को दिया है।


बातचीत करते आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस. गिल।

# पांचवें विरासत एएचए सांझी उत्सव में डेढ़ लाख से अधिक के पुरस्कार बांटे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोक कला सांझी धीरे-धीरे समाप्ति की ओर अग्रसर है। लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत हेरिटेज विलेज व एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा विरासत एएचए पांचवा सांझी उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन 21 सितंबर से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत से जहां भी सांझी बनाई जाती है किसी भी राज्य की महिला भाग ले सकती है। यह जानकारी विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत सांझी उत्सव-2025 प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए 1 लाख 71 हजार आठ सौ रुपए के पुरस्कार निर्धारित किए हैं। विरासत एएचए सांझी उत्सव-2025 में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, दूसरा 31 हजार, तीसरा को 21 हजार दिए जांएगे।

### सांझी लगाने की प्रक्रिया 21 को

विरासत सांझी उत्सव के निदेशक अभिनव पूनिया ने बताया कि पिछले वर्षों से सांझी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। वर्ष 2021 में सांझी प्रतियोगिता में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया था। वहीं, वर्ष 2022 में 120 महिलाओं, वर्ष 2023 में 150 महिलाओं व वर्ष 2024 में 150 से भी अधिक महिलाओं ने भाग ले कर सांझी प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में चौथे सांझी उत्सव प्रतियोगिता में विश्व की सबसे बड़ी सांझी भी विरासत हेरिटेज विलेज में बनाई गई थी। कार्यक्रम का आयोजन विरासत हेरिटेज विलेज मसाना में किया जा रहा है। सांझी लगाने की प्रक्रिया 21 सितंबर 2025 को अमावस्या के दिन होगी।

**कार्यक्रम** आयुष विवि में मानसिक रोग, आयुर्वेदिक चिकित्सा सिद्धांत और आधुनिक डायग्नोसिस पर विशेषज्ञों के व्याख्यान

विश्व की लगभग 11% और भारत की 13.5% आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित

# भागदौड़ व तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण तेजी से बढ़ रहे मानसिक रोग के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के काय चिकित्सा विभाग में चल रहे साप्ताहिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मानसिक विकारों, आयुर्वेद के मूल चिकित्सा सिद्धांतों और आधुनिक डायग्नोसिस तकनीकों पर विस्तार से विचार रखे। इस अवसर पर आयुष विवि से रिटायर्ड प्रोफेसर एवं आयुषवेदा क्लीनिक सेक्टर-8 के संचालक वैद्य बलबीर सिंह संधु ने कहा कि मानसिक रोग सृष्टि के आरंभ से ही विद्यमान हैं। आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण इनके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्व की लगभग 11% और भारत की 13.5% आबादी मानसिक रोगों से पीड़ति है। यही कारण है कि आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं।



### महाभारत के प्रसंग का किया उल्लेख

प्रो. संधु ने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि अर्जुन का मोह भी अवसाद का उदाहरण था, जिसे भगवान कृष्ण ने दूर किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में मानसिक रोगों के लिए औषध चिकित्सा, सत्त्वावजय और दैव व्यपाश्रय (साइकोथेरेपी) जैसे उपाय बताए गए हैं। उन्होंने नियमित ऋतुचर्या, सदवृत्त और योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताए गए। इसके पहले सत्र में चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक कॉलेज, नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर योगेश कुमार पांडे ने आयुर्वेद में चिकित्सा के मूल सिद्धांत समझाए।

### फैटी लीवर और सिरोसिस शराब पीने तक सीमित नहीं: डॉ. अदिति

वहीं, सोसाइटी फॉर फिटल मेडिसिन की सदस्य एवं रेडियो-डायग्नोसिस विशेषज्ञ डॉ. अदिति सिंघल ने अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और फाइब्रोस्कैन के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि फैटी लीवर और सिरोसिस जैसी बीमारियां अब सिर्फ शराब पीने वालों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि खानपान की गड़बड़ी के कारण आम लोगों में भी तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर और लिवर रोगों की शुरूआती पहचान के लिए फाइब्रोस्कैन जैसे टेस्ट को बेहद जरूरी बताया। कार्यक्रम में काय चिकित्सा विभाग की चेयरपर्सन प्रो. नीलम, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नेहा लांबा, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रीति गहलावत समेत अन्य फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता 15 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा 15 सितम्बर को प्रातः 10 बजे सीनेट हॉल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग, इंस्ट्टियूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज तथा जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में देश भक्ति पर आधारित राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगें। इस अवसर पर हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक धर्मदेव विद्यार्थी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दी जा रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं

**पिहोवा।** डा. मनीषा सिंह प्रवर चिकित्सा अधिकारी उपमंडल नागरिक हस्पताल पिहोवा ने बताया कि पिहोवा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों ठसका मीर जी, जल्बेहरा, टबरा, नैसी, जख्वाला, कुपिया प्लॉट अधोया में स्वास्थ्य सम्बन्धी गतिविधियां लगातार जारी है। जिन जगहों पर बाढ़ का पानी इकठ्ठा हुआ है वहां पर कटा हुआ तेल और टेमिफास का छिडकाव किया जा रहा है ताकि मच्छर ना पैदा हो सके। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए ओटी टेस्ट करके पानी की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

### नव भारत साक्षरता के अंतर्गत भव्य रैली

**लाडवा।** लाडवा के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य रैली का आयोजन किया गया। जिसको विद्यालय की प्रभारी पूनम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभारी पूनम ने कहा कि हमें निरक्षरता को जड़ से मिटाना है और यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर इसके लिए प्रयास करें।

### प्रशिक्षार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**कुरुक्षेत्र।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कुरूक्षेत्र, द्वारा महिला टेलर व ब्यूटी पार्लर प्रबंधन के प्रशिक्षण समापन उपरांत प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरि ओम, मंडल प्रमुख, पंजाब नैशनल बैंक मंडल, कुरुक्षेत्र व अन्य अतिथिगण मलकीत सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, रजत भास्कर, जिला परियोजना प्रबंधक और मीना वधवा, हरियाणा महिला वित विकास निगम कुरुक्षेत्र रहे। मुख्य अतिथि हरि ओम ने सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# जनसुआ और वार्ड-7 के दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन थामा

**राजनीति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली, नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर हर रोज़ बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। लोगों का विश्वास भाजपा की नीतियों पर लगातार बढ़ता जा रहा है। पूर्व मंत्री असीम गोयल के नेतृत्व में भाजपा दिन प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है। समाज के हर वर्ग से लोगों का समर्थन मिल रहा है। जनसुआ गांव और अंबाला शहर के वार्ड 7 से दर्जनों लोग भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए असीम गोयल ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया।

## राज्यमंत्री गोयल बोले भाजपा की नीतियों में जनता का हो रहा विश्वास मजबूत


अंबाला। भाजपा में शामिल हुए लोग पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### विकास कार्यों से प्रभावित होकर शामिल हुए

इस दौरान शामिल होने वाले लोगों ने बताया कि वे देश और प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि भाजपा की नीतियों ने आमजन के बीच विश्वास की नई ऊर्जा भर दी है। उन्होंने कहा, यह केवल चुनाव जीतने की राजनीति नहीं, बल्कि जनकल्याण और विकास की सोच है, जो लोगों को भाजपा से जोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की सोच हर वर्ग तक पहुंची है और इसी कारण आमजन भाजपा के साथ खड़ा हो रहा है। हम सब मिलकर प्रदेश और देश को प्रगति की नई उंचाइयों तक ले जाएंगे। भाजपा में शामिल होने वाले हर व्यक्ति का स्वागत है और यह पार्टी हर कार्यकर्ता के प्रयास को महत्व देती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए काम करती रहेगी और विकास योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाया जाएगा।

### सैकड़ों की सुनीं समस्याएं

हर सप्ताह की तरह ही आज भी पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत सैंकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही समस्याओं का निपटान किया। इस दौरान अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों से आए लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं पूर्व मंत्री के समक्ष रखी।

जिन्हें लेकर उन्होंने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए। पूर्व राज्य मंत्री गोयल ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि अधिकारी प्राथमिता के तौर पर लोगों के काम करें। गोयल ने बताया कि आमजन की सुनवाई के लिए आज के समय में मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। सीएम दिन रात प्रदेश और प्रदेशवासियों के लिए कार्य कर रहे हैं।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने फिलीपींस से आए प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

# 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य

**पीएम नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया है संकल्प**

*ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प रखा है। इस दिशा में ग्रीन एनर्जी अहम भूमिका निभाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। फिलीपींस से आए प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद मंत्री अनिल विज।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्लासगो में सीओपी-26 पर घोषित पंचामृत लक्ष्यों को पूरा करने का संकल्प लिया है। इनमें 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करना, ऊर्जा की 50 प्रतिशत जरूरतें नवीकरणीय स्रोतों से पूरी करना, 1 बिलियन टन कार्बन उत्सर्जन घटाना, 2005 के स्तर से कार्बन तीव्रता 45 प्रतिशत तक कम करना और 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन प्राप्त करना शामिल है।

विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प रखा है। इस दिशा में ग्रीन एनर्जी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य पहले ही 2.1 गीगावाट से अधिक सोलर क्षमता स्थापित कर चुका है और घरों, उद्योगों तथा संस्थानों में रूफटॉप सोलर को तेज़ी से बढ़ा रहा है। पीएम-कुसुम योजना के तहत 1.65 लाख से अधिक सोलर सिंचाई पंप वितरित किए गए हैं, जिससे किसानों को लागत कम करने और उत्सर्जन घटाने में मदद मिली है। मंत्री ने यह जानकारी अंबाला में फिलीपींस से आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक के दौरान सांझा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुश्री जेनी लिन ग्रानाडोस मानो, सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष, सनस्मार्ट सोलर पॉवर टेक्नोलॉजी इंक. तथा डॉ. कबीर केवी, सीईओ, एएनपीएम कर रहे थे। इस अवसर पर ग्रीनटेक सिस्टम्स और क्लाइमेट स्मार्ट सॉल्यूशन्स पर एक प्रेज़ेंटेशन भी दिया गया। बैठक के दौरान विज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका पर प्रकाश डाला। बताया कि गुरुग्राम में मुख्यालय वाला इंटरनेशनल सोलर अलायंस अब 120 से अधिक देशों को "वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड" के विज़न के साथ जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 तक भारत की 119 गीगावाट स्थापित सौर क्षमता भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल करती है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के 2200 मेगावाट क्षमता वाले भादला सोलर पार्क और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना व पीएम-कुसुम जैसी प्रमुख योजनाओं ने सौर ऊर्जा को सस्ता और सुलभ बनाया है। प्रदेश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य ने पहले ही 2.1 गीगावाट से अधिक सौर क्षमता स्थापित की है और रूफटॉप सौर को तेजी से बढ़ा रहा है। पीएम-कुसुम योजना के तहत 1.65 लाख सौर पंप किसानों को वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 तक प्रदेश की कुल नवीकरणीय क्षमता 6,264 मेवावाट तक पहुँच चुकी है, जो राज्य की कुल उत्पादन क्षमता का 38.6 प्रतिशत है।

### ऊर्जा मंत्री बोले, हरियाणा ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हरियाणा ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एनसीआर के निकट होने के कारण, राज्य ने 2030 तक 250 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन और 2 गीगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र निर्माण क्षमता का लक्ष्य रखा है। कृषि प्रधान राज्य होने के नाते, हरियाणा ने बायो-एनर्जी में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य प्रतिवर्ष लगभग 70 लाख टन धान की पराली पैदा करता है, जिसमें से लगभग 30 लाख टन अतिरिक्त है। इस संसाधन का उपयोग करने के लिए 17 सीबीजी प्लांट लगाए जा चुके हैं और 11 निर्माणाधीन हैं। सुश्री मानो द्वारा 24×7 ऑफ-ग्रिड 100 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी उपलब्ध कराने की पहल को "समयानुकूल और दूरदर्शी" बताते हुए विज ने कहा कि यह पहल भारत के नेट जीरो लक्ष्यों और हरियाणा की अक्षय ऊर्जा रोडमैप के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह व्यापार मिशन ज्ञान साझा करने, निवेश बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने का मंच बनेगा। उन्होंने फिलीपींस के 7641 द्वीपों पर स्थानीय स्तर पर बिजली उत्पादन के अनूठे मॉडल का उल्लेख किया और उम्मीद जताई कि फिलीपींस हरियाणा में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करे ताकि गांव बाहरी बिजली आपूर्ति पर निर्भर न रहें। इस अवसर पर सुश्री जेनी लिन ग्रानाडोस मानो ने ग्रीन एनर्जी, सोलर सिस्टम विस्तार, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरणीय सततता, इंटेलिजेंट माइक्रो ग्रिड्स, स्मार्ट यूटिलिटी नेटवर्क और डिजिटलीकरण पर प्रेज़ेंटेशन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी "पीपल-प्लैनेट-पर्पस" के सिद्धांत पर कार्य करती है और ऊर्जा क्षेत्र को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया। डॉ. कबीर केवी, सीईओ, एएनपीएम और यूएई के एनबीएमसी के अंबेसडर ने मानवीय आधार पर भारत में निवेश का पूरा समर्थन जताया और ऊर्जा मंत्री को यूएई आने का निमंत्रण दिया।

## रिहायशी आबादी में चल रहे डंपिंग जोन को लेकर कार्रवाई

# नप को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

रिहायशी इलाके में बने डंपिंग जोन को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर परिषद को नोटिस जारी किया है। एसडीओ सुखराम मोहर डंपिंग साइड पर निरीक्षण करने आए थे। यहां उन्होंने कमियों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के आधार पर भेजे नोटिस के जरिए उन्होंने नगर परिषद को सुझाव भी दिए हैं कि कमियों को निश्चित समय में ठीक कर लिया जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी के निरीक्षण में सामने आया कि डंपिंग साइट मुख्य तौर पर कचरा को एकत्रित करने के लिए बनाई गई है। यहां पर कचरा एकत्रित कर गाड़ियों से निस्तारण के लिए पटवी ले जाया जाता है। कचरा जिस दिन गिरे उसी दिन उठना चाहिए, मगर स्थानीय लोगों की मानें तो दो से तीन दिन बाद कई बार कचरा उठता है, इसके साथ ही साइट पर चहारदीवारी भी नहीं कराई गई है। यहां पशु भी विचरण करते दिखे, जो कचरे को अपने साथ आबादी क्षेत्र में ले जा रहे थे। यहां कचरे के रिकॉर्ड पर भी सवाल उठ रहे हैं। यहां कितना कचरा आया, कितना उठा इसका रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा है, इसके साथ ही कचरा खुले आसमान के नीचे है। जिससे बारिश आने पर इसके हानिकारक तत्व जमीन में भी जा रहे हैं। पहले भी नगर निकायों के कचरे को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सख्त फैसले ले चुका है, जिसमें अंबाला नगर निगम और बराड़ा नगर पालिका पर तो एक करोड़ रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी लगाई गई है, लेकिन अभी तक निकाय ने इस जुर्माने को जमा नहीं कराया है।

■ **कचरा जिस दिन गिरे उसी दिन उठना चाहिए**

### नो पार्किंग व्हीकलों के काटे जा रहे चालान

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि वीरवार को तहसील परिसर और एसडीएम कार्यालय में नो पार्किंग में खड़े वाहनों को देख कर तुरंत संज्ञान में लेते हुए 9 वाहनों के चालान मौके पर काटे गए, जिनमें कार और मोटरसाइकिल भी शामिल हैं। एसडीएम अभिनव सिवाच ने बताया कि यदि वर्तमान में भी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नो पार्किंग में वाहन खड़े मिलते हैं तो ऐसे ही उनके चालान काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग में वहां खड़े करने से आम नागरिक को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बीच रास्ते में वहां खड़े होने से आने जाने की समस्या और जाम जैसी समस्या उत्पन्न होती है। इन समस्याओ से निजात पाने के लिए उन्होंने पुलिस विभाग को भी सख्त आदेश दिए हैं कि मुख्य बाजार तथा नो पार्किंग में किसी जगह पर कोई भी वहां खड़ा हुआ पाया गया तो उस पर एक्शन लेते हुए उसको वहां से हटाए और जो प्रक्रिया है उसके माध्यम से उसका चालान किया जाए।


बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## शहजादपुर में छात्रों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में यूथ रेडक्रॉस के द्वारा प्रो. सुमन तथा प्रो. मोनिका के कुशल नेतृत्व में एक जन जागरूकता रैली तथा पोस्टर बनाओ और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया।

डॉ. प्रियंका, प्रो. मोनिका शर्मा तथा प्रो. सोनिया द्वारा बतौर निर्णायक की भूमिका अदा की गई। सानिया, हरमंजोत तथा निशा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। रसायन विभाग महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### आठ टीम शामिल

इसमें कुल 8 टीमों में 24 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में वंशिका, कलसुम और सुखमन कौर की टीम ने प्रथम, महक, शालिनी और सिमरन की टीम द्वितीय और तृतीय स्थान सिमरन, मनविंद्र कौर और काजल की टीम ने हासिल किया। विजेता टीम को जीएमएन कॉलेज में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का अवसर मिलेगा। डॉ. रजनी मोहिल प्रतियोगिता की संयोजक तथा प्रो. इकबाल सिंह सह-संयोजक रहे।

## बराड़ाः छात्रों को एड्स के प्रति किया जागरूक

■ **महाराणा प्रताप नेशनल कालेज में कार्यक्रम आयोजित**



बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में प्रदेश सरकार के जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार वीरवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम रेड रिबन क्लब एवं रेडक्रॉस यूनिट के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एड्स जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता ही इसका एकमात्र बचाव है। उन्होंने बताया कि यह वायरस रोगी की न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है अपितु उसे मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी भेदभाव का शिकार बनाता है।

इस कार्यक्रम की संयोजिका, डॉ. शैली मनन ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 एवं नाको एप्प के बारे में अवगत कराया जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग लाभार्थियों को एड्स संबंधित जानकारी एवं सेवाएं प्रदान करता है। डॉ. पूजा रानी एवं डॉ. आशुतोष शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित। इस इस मौके पर सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक-गण आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

*अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन में जुटे थे देशभर के किन्नर*

# किन्नर समाज ने बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाई 30 लाख रुपये की धनराशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना


मुलाना। महासम्मेलन में मौजूद किन्नर। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन इस बार समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल बन गया। किन्नर समाज का यह सम्मेलन आगरा में आयोजित हुआ। जिले के किन्नर समाज ने सम्मेलन में शिरकत करते हुए पंजाब के बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए धनराशि एकत्र की और सभी वर्गों से पीड़ितों की सहायता के लिए आने की अपील की। सम्मेलन में किन्नर समाज ने कहा कि यह धनराशि उन्हीं के समुदाय की मेहनत से जुड़ी है। उन्होंने इस राशि को लोगों से ही प्राप्त किया हुआ है। हम अब उन्हीं भाइयों-बहनों पर खर्च किया जाएगा जो इस समय बाढ़ जैसी आपदा की मार झेल रहे हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हम चाहते हैं कि यह कमाई उन्हीं लोगों पर लगे जो भूख-प्यास और बेघर होने की मार झेल रहे हैं। मुलाना से पहुंची महंत हिना ने भी भावुक अपील करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में हर वर्ग, हर समाज और हर व्यक्ति को अपने स्तर पर योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में बाढ़ग्रस्त लोगों के लिए 30 लाख से भी अधिक की धनराशि इकट्ठी की गई है। हिना महंत ने कहा कि किन्नर समाज हमेशा समाज सेवा में आगे रहा है। चाहे वह धार्मिक आयोजन हों, सामाजिक दायित्व हों या अब प्राकृतिक आपदा का समय। सम्मेलन में किन्नर समाज ने कहा कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी कहा कि यदि समाज के हाशिये पर खड़ा वर्ग भी इतनी संवेदनशीलता दिखा सकता है तो बाकी वर्गों को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। सम्मेलन में उपस्थित किन्नर समाज ने सामूहिक संकल्प लिया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद निरंतर जारी रहेगी।

**सियासत** | नीति पारदर्शिता के नाम पर जनता को उलझाने का आरोप

# राज्य सरकार की प्रॉपर्टी पॉलिसी पर विधायक ने किया वार, कहा,यह जनता की कमर तोड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक एवं पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने प्रदेश सरकार की नई प्रॉपर्टी पॉलिसी को लेकर जमकर वार किया है। उनहोंने कहा कि इसकी वजह से आम आदमी पर सबसे बड़ा आर्थिक प्रहार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह नीति पारदर्शिता के नाम पर जनता को उलझाने और गरीब तथा मध्यमवर्गीय परिवारों को आवासीय सपनों से वंचित करने की सोची-समझी साजिश है।

■ **एक साधारण परिवार के लिए अपने घर का सपना पूरा करना असंभव बना देंगी**

निर्मल सिंह ने कहा कि 10,000 रुपये की नॉन-रिफंडेबल फीस, 0.25 प्रतिशत और 0.50 प्रतिशत कमीशन जैसी शर्तें न केवल छोटे प्रॉपर्टी डीलरों की रोजी-रोटी छीनेंगी बल्कि एक साधारण परिवार के लिए अपने घर का सपना पूरा करना लगभग असंभव बना देंगी।

### महंगाई और बेरोजगारी से कराह रही अर्थव्यवस्था



निर्मल सिंह ने कहा कि देश पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी से कराह रहा है अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं और सरकार ऑनलाइन पोर्टल और भारी शुल्क थोपकर लोगों को और संकट में डाल रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति रियल एस्टेट सेक्टर में बिचोलियों को खत्म करने के नाम पर छोटे कारोबारियों, मजदूरों, मिस्त्रियों और स्थानीय डीलरों के रोजगार पर कुठाराघात है। सरकार का यह दावा कि इस प्रणाली से कालाबाजारी खत्म होगी, केवल छलावा है। सच्चाई यह है कि यह व्यवस्था बड़े पूंजीपतियों और बिल्डरों के लिए फायदे का सौदा है जबकि आम आदमी को कर्ज, फीस और टैक्स के बोझ तले दबा दिया जाएगा। निर्मल सिंह ने कांग्रेस शासन की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय गरीबों को 100 गज तक के प्लॉट आवंटित किए जाते थे, ताकि हर व्यक्ति को छत मिल सके लेकिन वर्तमान सरकार ने यह योजना खत्म कर दी और बीपीएल परिवारों के लिए केवल 30 गज के प्लॉट का प्रावधान किया, जो किसी भी चार सदस्यीय परिवार के लिए व्यावहारिक नहीं है। "तीस गज की जमीन पर कोई परिवार कैसे बसेगा? यह गरीबों के साथ क्रूर मजाक है और उनके जीवन भर के सपनों को रौंदने जैसा है।"

### कई पात्र परिवारों को बीपीएल सूची से हटा दिया गया

निर्मल सिंह ने कहा कि पहले ही कई पात्र परिवारों को बीपीएल सूची से हटा दिया गया है और अब उन्हें प्लॉट देने के नाम पर ऑनलाइन नीलामी,भारी फीस और तकनीकी जटिलताओं में उलझा दिया गया है। "यह सरकार गरीब आदमी से उसका सपना भी छीन रही है। जो व्यक्ति जीवन भर मेहनत करके छोटा सा आशियाना बनाने का सपना देखता है, अब वह सपना भी नहीं देख पाएगा।